BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 08 फरवरी, 2025 **थाना सिकन्द्राबाद**

17 ड्रम एल्यूमीनियम वायर के बंडल (कीमत करीब 1,04,44,664 रुपये) व 01 ट्रेलर गाड़ी सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 07-02-2025 को वादी आशीष कुमार तिवारी पुत्र श्याम मुरारी तिवारी निवासी गली नं0 12, स्वरुपनगर उत्तर पश्चिम दिल्ली ने थाना सिकन्द्राबाद पर तहरीर दी कि अभियुक्त खालिद जो की एक ट्रेलर गाड़ी का ड्राइवर है, दिनांक 31.01.2025 को ट्रेलर गाड़ी नं0 RJ-14GJ-0750 को जिसमें 17 ड्रम एल्यूमीनियम वायर के बंडल थे, को ASIER METALS PRIVATE LIMITED उरन नवा शिवा (महाराष्ट्र) से TAMRA DHATU UDYOG PRIVATE LIMITED भिवाड़ी राजस्थान के लिए निकला था जो कि वहां ना जाकर ट्रैलर मय माल को जनपद बुलन्दशहर के थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत ले आया है तथा अपने साथियों के साथ मिलकर माल को बेचने की फिराक में हैं। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 122/25 धारा 316(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में दिनांक 07/08-02-2025 की रात्रि में थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर सिकन्द्राबाद बाईपास से 03 अभियुक्तों को 17 ड्रम एल्यूमीनियम वायर के बंडल व 01 ट्रेलर गाड़ी सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. खालिद पुत्र रोजदार निवासी अगोन थाना फिरोजपुर झिरका जनपद नूह (हरियाणा)
2. साजन पुत्र खालिद निवासी उपरोक्त।
3. साबिर पुत्र सुलेमान निवासी उपरोक्त।

बरामदगी-

1. 17 ड्रम एल्यूमीनियम वायर के बंडल (कीमत करीब 1,04,44,664 रुपये)
2. 01 ट्रेलर गाड़ी नं0 RJ-14GJ0750

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. निरीक्षक मनोज कुमार त्यागी
3. उ0नि0 कपिल बालियान, उ0नि0 कोमल सिंह
4. का0 विनोद कुमार

मीडिया सेल बुलंदशहर